शहनाज के लिए फरिश्ता बनकर आई सायमा

14 वर्ष पुराने विवाद को कुछ घंटों में ही निपटाया

पीड़ित महिला को दहेज का सामान वापिस दिलाया

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़ । 14 वर्ष से परेशान एक महिला की मदद के लिए दूसरी महिला ने उसका साथ दिया और सालों से चले आ रहे विवाद को 10 घंटे के अंदर ही निपटा डाला। शहनाज के लिए फरिश्ता बनकर उतरी सायमा ने दिन भर भूखे-प्यासे रहकर शहनाज को उसके दहेज में दिया गया सारा सामान उसके पति से दिलवाया।

दरअसल पूरा मामला झांसी उत्तरप्रदेश की एक पीड़ित महिला शहनाज से जुड़ा है। शहनाज की शादी टीकमगढ़ के रहने वाले राजा खान के साथ आज से 14 वर्ष पहले हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ विवाद हुआ और फिर दोनों एक-दूसरे से अलग रहने लगे। 14 वर्षों से पीड़िता शहनाज न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खाती दिखाई दे रही थी। इसका निपटारा लंबे समय से नहीं हो पा रहा था। शहनाज राजा खान से पीड़ित थी। इसलिए वह उसके साथ रहना नहीं चाहती थी। इतना ही नहीं राजा ने उसे छोड़कर अपनी दूसरी शादी भी रचा ली थी। यह बात शहनाज के दिल को और चोट पहुंचा गई। फिर क्या था शहनाज ने राजा खान से अलग रहने का फैसला किया। यह मामला पुलिस के बीच लंबे समय तक चला। परन्तु शहनाज अकेली ही झांसी में प्राईवेट नौकरी करके अपना भरण-पोषण करने में लगी रही।

फिर शहनाज ने झांसी उत्तरप्रदेश की रहने वाली सायमा अर्जी को अपनी पीड़ा सुनाई और बताया कि उसके साथ क्या-क्या घटनाक्रम हुआ। शहनाज ने सायमा को बताया कि उसके पति ने उसका सारा दहेज हड़प लिया है और वह देने को तैयार नहीं। सायमा झांसी उत्तरप्रदेश में वीरांगना लक्ष्मी बाई ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं। इनका काम ही महिलाओं की मदद करना है। सायमा ने शहनाज की पूरी परेशानी को विस्तार से कई दिनों तक सुना। फिर उन्होंने फैसला लिया कि वह अपनी पूरी टीम के साथ शहनाज को लेकर टीकमगढ़ पहुंचेगी। सायमा अपनी टीम के साथ टीकमगढ़ आई जहां उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह से मुलाकात कर शहनाज की मदद के लिए कहा है। विक्रम सिंह ने बगैर सोचे-समझे एक महिला की पीड़ा को समझा और अपने अधिनस्थों को उसकी हरसंभव मदद करने के निर्देश जारी किए।

नवभारत रिपोर्टर के सायमा खान से प्रमुख सवाल

रिपोर्टर : वीरांगना लक्ष्मीबाई ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य क्या है?

सायमा खान : हमारा उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग तक शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों को पहुंचाना है। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

रिपोर्टर : ट्रस्ट इस समय किन प्रमुख कार्यों पर फोकस कर रहा है?

सायमा खान : वर्तमान में हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर लगातार काम कर रहे हैं।

रिपोर्टर : महिलाओं के लिए आपकी क्या सोच है?

सायमा खान : मेरा मानना है कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है। इसलिए महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और आत्मविश्वास से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है।

रिपोर्टर : ट्रस्ट भविष्य में कौन-कौन सी नई पहल करने जा रहा है?

सायमा खान : हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिक कार्यक्रम चलाए जाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके।

रिपोर्टर : समाज के लोगों से आप क्या अपील करना चाहेंगी?

सायमा खान : समाज तभी आगे बढ़ेगा जब हम सभी मिलकर एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। मैं सभी से अपील करती हूं कि सामाजिक कार्यों में भाग लें और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

रिपोर्टर : अंत में, आपका संदेश?

सायमा खान : हमारा विश्वास है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर एक शिक्षित, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। साथ शहनाज जैसी महिलाओं की मदद कर नेकियां हासिल करे.

एग्जास्ट को तोड़कर होटल के अंदर घुसा चोर, चोरी की वारदात को दिया अंजाम

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित महाराजा होटल में रविवार देर रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। एक अज्ञात चोर ने होटल के किचन की दीवार में लगा एग्जॉस्ट वेंटिलेशन हटाकर अंदर घुसा और गल्ले में रखी करीब 1 लाख 40 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात होटल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोमवार सुबह जब होटल के कर्मचारी काम पर पहुंचे, तब उन्हें इस चोरी की जानकारी मिली। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना होटल मालिक शिवम जैन को दी। होटल मालिक ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे जब वे होटल पहुंचे, तो किचन की दीवार पर लगा एग्जॉस्ट टूटा हुआ था और काउंटर के गल्ले से नकदी गायब थी।होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आरोपी चोरी करता हुआ साफ नजर आ रहा है। फुटेज में दिख रहा है कि आरोपी ने पकड़े जाने के डर से अपने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। वह एग्जॉस्ट वाले रास्ते से होटल के अंदर दाखिल हुआ और गल्ले को साफ कर उसी रास्ते से बाहर भाग निकला।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के साथ ही होटल संचालक और वहां काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की है। पुलिस ने होटल मालिक की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

मृतक घनसू के परिवार से मिलने पहुंचे विधायक

नवभारत न्यूज

मोहनगढ़। बीते 2 जुलाई की रात मोहनगढ़ क्षेत्र में चर्चित घंसू प्रजापति हत्याकांड को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने पीड़ित परिवार से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि घंसू प्रजापति हत्याकांड की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्कर्ष तक पहुंचने वाली जांच होना अत्यंत आवश्यक है। यदि जांच निष्पक्ष नहीं हुई तो पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए समान है और दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। राठौर ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। इसलिए पुलिस प्रशासन को बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लानी चाहिए, पूरे मामले में निर्दोष व्यक्ति को दूर रखना चाहिए।

अतिक्रमण पर कार्यवाही

नवभारत न्यूज पलेरा।

नगर परिषद पलेरा में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की चरनोई भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। नगर के शासकीय कॉलेज के पास स्थित इस बेशकीमती जमीन पर किए गए कच्चे-पक्के अवैध निर्माणों को प्रशासन ने जेसीबी मशीन की मदद से जमींदोज कर दिया।

विरोध की आशंका को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।यह पूरी कार्रवाई वार्ड क्रमांक 12 में अंजाम दी गई, जहां कुल 7.230 हेक्टेयर गोचर भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था।

अवमानना प्रकरणों का करें निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि हाई कोर्ट के लंबित अवमानना प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। हाई कोर्ट के पोर्टल से सभी अपने विभाग के प्रकरण एवं आदेश को निकालकर उत्तर प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पदोन्नति नियम अनुसार विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जानी है ,जिसके अनुक्रम में सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों के दस्तावेज़ तैयार रखे एवं कर्मचारियों की सूची पर मूल्यांकन कर तैयारी पूर्ण करें। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता पर रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागप्रमुख 50 दिवस से अधिक के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करें। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर सम्बन्धित विभाग प्रमुख को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उर्वरकों को लेकर बनाई रणनीति

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उर्वरको की अवैध विक्रय अनाधिकृत भंडारण, कालाबाजारी तथा नकली, मिलावटी उर्वको के निर्माण की संभावना अनुदानित उर्वरकों यूरिया आदि का अनाधिकृत औद्योगिक उपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, इन अवैध गतिविधियों की रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू गई है।

अब प्रशासन खाद को लेकर सख्त दिखाई दे रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियों हो चुकी है।

सरपंच ने चलाया जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

जतारा। शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बैरवार के सरपंच सुरेंद्र सिंह दांगी ने सोमवार सुबह से गांव में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के तहत सरपंच ने ढोल बजवाकर पूरे गांव में मुनादी कराई तथा पंचायत के विभिन्न मोहल्लों में जाकर ग्रामीणों और अभिभावकों से सीधे संपर्क किया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से समय पर स्कूल भेजें, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो और उनका भविष्य अंधकारमय होने से बच सके।

इस दौरान ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए बताया गया कि बच्चों की नियमित उपस्थिति ही उनके बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है। सरपंच ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है सरपंच का कहना है कि जो गरीब परिवार के बच्चे हैं उन्हें हम पढ़ाई लिखाई के पैन,कापी, बैंग, इत्यादि सामग्री 15 जुलाई से पहले विद्यालय में उपलब्ध कराएंगे।

दो दिनों से बारिश का दौर जारी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़।पिछले 24 घंटों के दौरान हुई अच्छी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। इस दौरान जिले में औसतन 1.01 इंच बारिश दर्ज की गई, जबकि बल्देवगढ़ तहसील में सर्वाधिक 2 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई। सड़कों पर पानी भरने और नालियों के ओवरफ्लो होने से नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

पिछले 24 घंटे में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा, जिससे सोमवार सुबह चारों ओर पानी भरा नजर आया। जिले में कुल 1.01 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश बल्देवगढ़ तहसील में हुई, जहां 49 मिलीमीटर यानी 2 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई।बारिश के बावजूद, दिन में धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान अभी भी 37-38 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री था, जो रविवार को बढ़कर अधिकतम 38 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री हो गया।

मछली शिकार प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

पौधों के संरक्षण पर मंडरा रहा खतरा

नवभारत न्यूज

जतारा। वन मंडल टीकमगढ़ में इस वर्ष प्रस्तावित वृक्षारोपण अभियान को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। आरोप है कि फेंसिंग जाली एवं फेंसिंग पोल की खरीदी प्रक्रिया में अनियमितताओं और टेंडर विवाद के कारण कई वृक्षारोपण स्थलों पर अब तक सुरक्षा व्यवस्था नहीं हो सकी है।

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि बल्देवगढ़, जतारा और रेंज में लगभग 250 से 300 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए जाने वाले 2 से 3 लाख पौधों के संरक्षण पर संकट खड़ा हो सकता है।

उनका कहना है कि बिना फेंसिंग के पौधारोपण होने पर पौधों को आवारा मवेशियों से नुकसान पहुंचने की आशंका है, जिससे शासन की करोड़ों रुपये की योजना प्रभावित हो सकती है।

वहीं वन विभाग के कुछ जानकारों का कहना है कि फेंसिंग कार्य पूरा होने के बाद ही पौधारोपण अधिक प्रभावी और सुरक्षित माना जाता है।

तकनीक विषय पर किसानों को दी सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अन्न फसलों की उत्पादन तकनीक और भोजन में उनके महत्व पर किसानों को सलाह दी गई हैं।

केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एव प्रमुख डॉ. बीएस किरार, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.एसके जाटव द्वारा धान्य बाजरा, ज्वार, रागी, साँवा, कोदो, कंगनी, कुटकी, चीना आदि की वैज्ञानिक खेती के प्रमुख बिंदुओं अपना कर इनकी जैविक या प्राकृतिक खेती अर्थात् बिना रासायनिक उर्वरक और दवायों की खेती करने की सलाह दी।

कीचड़ भरे मार्ग से निकलने को छात्र मजबूर

नवभारत न्यूज

पलेरा। नगर के हरितला मंदिर वार्ड क्रमांक 2 में एक गंभीर समस्या सामने आ रही है। नगर के इस मुख्य कोचिंग हब क्षेत्र में कोचिंग संचालकों और नगर परिषद की घोर लापरवाही के कारण पढ़ने जाने वाले बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालात इतने बदतर हैं कि नन्हे-मुन्ने छात्रों को सुबह सवेरे गंदे पानी और बदबूदार कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।छात्रों और अभिभावकों में भारी आक्रोशकोचिंग पढ़ने वाले बच्चों ने सुबह मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हरितला मंदिर जाने वाले और वार्ड-2 के अन्य प्रमुख रास्तों पर हर तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

नाले-नालियां उफन रहे हैं और सड़कों पर गंदा पानी जमा हो गया है। इस जलभराव और कीचड़ से निकलकर कोचिंग सेंटर तक पहुंचना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। आए दिन बच्चों की ड्रेस गंदी हो जाती है और उनके फिसलकर गिरने व चोटिल होने का खतरा बना रहता है। कोचिंग संचालकों की मनमानी और परिषद की उदासीनताइस इलाके में अनेक कोचिंग समेत कई शिक्षण संस्थान संचालित होते हैं।

10 जुलाई तक कराएं मान्यता का नवीनीकरण

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन लॉक करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 20 जनवरी 2026 किया गया था। इसके बावजूद कुछ अशासकीय विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन लॉक नहीं किए जा सके हैं। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए विलंब शुल्क सहित आवेदन लॉक करने की अंतिम तिथि में पुन: वृद्धि कर 10 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 10 जुलाई 2026 के बाद मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी तथा अन्य सभी निर्देश पूर्ववत प्रभावशील रहेंगे। शिक्षा के अधिकार नियमों के अनुसार यदि कोई विद्यालय निर्धारित समयावधि में विहित प्रक्रिया के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत नहीं करता है।

मच्छरों से फैल रही बीमारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है।लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

निरीक्षण | **कलेक्टर के प्रस्ताव पर राशि स्वीकृत**

15 लाख की लागत से होगा राजराजेश्वरी मंदिर का कायाकल्प

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। हवेली रोड स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पहली किस्त जारी कर दी गई है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने 15 लाख 58 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। मंदिर की मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा।

जानकारी के अनुसार कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 23 लाख 60 हजार रुपए का प्रस्ताव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को भेजा था। यह राशि कलेक्टर के प्रस्ताव पर ही स्वीकृत की गई है।स्वीकृत राशि का उपयोग मंदिर के क्षेत्राधिकार में राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा। लगभग दो माह पहले कलेक्टर ने मंदिर का निरीक्षण किया था। उन्होंने स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मंदिर के विकास को लेकर सुझाव मांगे थे।बैठक के दौरान लोगों ने मंदिर की छत से पानी टपकने, चारों ओर नाली न होने से दीवारों के खराब होने और प्रवेश द्वार पर बारिश का पानी भर जाने जैसी समस्याओं से अवगत कराया था।

कलेक्टर श्रोतिय ने बताया कि यह प्राचीन मंदिर राजशाही दौर में निर्मित हुआ था और यह देवी मां का एक प्रमुख आस्था केंद्र और सिद्ध क्षेत्र है।

लोगों से मिले सुझावों के आधार पर पीडब्ल्यूडी विभाग को मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। पहली किस्त जारी होने के बाद अब जल्द ही मंदिर की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।हवेली रोड स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए पहली किस्त जारी कर दी गई है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने 15 लाख 58 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। मंदिर की मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा। निर्माण होने के बाद यहां आने वाले भक्तों को मंदिर में काफी सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा।

प्रस्तावित निर्माण कार्य जल्द होंगे पूर्ण

जानकारी के अनुसार कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 23 लाख 60 हजार रुपए का प्रस्ताव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को भेजा था। यह राशि कलेक्टर के प्रस्ताव पर ही स्वीकृत की गई है।स्वीकृत राशि का उपयोग मंदिर के क्षेत्राधिकार में राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा।

मोहम्मद साहब के खिलाफ टिप्पणी मामले को लेकर दिया गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। पैगंबर मोहम्मद साहब के संबंध में सोशल मीडिया पर कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को टीकमगढ़ में मामला गरमा गया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला सदस्यता अभियान प्रभारी आबिद खान ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया मंच पर नाजिया इरफानी खान नामक महिला द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब, उनके परिवार और इस्लाम धर्म के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियां की गई हैं। आवेदन के अनुसार इन टिप्पणियों से मुस्लिम समाज में गहरा रोष व्याप्त है और इससे सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो सकती है। पुलिस प्रशासन से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गंभीरता से जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालो में आबिद, फिरोज मंसूरी, जावेद,साकिर, आमिर,अनीश,अकबर मौजूद रहे।